जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः एफ/प्रशा./स्था./2020/2714 दिनांक : 20.03.2020

//कार्यालयीन आदेश//

देश में बढ़ते हुए कोरोना वायरस (COVID 19) के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक HE/MHRD/2020 दिनांक 18.03.2020 एवं सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक F.No.1-14/2020(Website) दिनांक 19.03.2019 तथा म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक 574/597/2020/38-3 दिनांक 19.03.2020 के परिपालन में जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा दिनांक **20 मार्च 2020 से** सम्पन्न होने वाली समस्त विश्वविद्यालयीन परीक्षाऐं तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक स्थगित की जाती है।

नोबल कोरोना वायरस व उससे जनित बीमारी के संक्रमण से बचाव हेतु परिसर स्थित मृगनयनी छात्रावास, महारानी लक्ष्मीबाई छात्रावास, केप्टन रूपसिंह छात्रावास एवं आर्यभट्ट छात्रावास में एक स्थान पर विद्यार्थियों के समूह में उपस्थित होने के परिणामस्वरूप उक्त बीमारी के संभावित खतरे की रोकथाम करने के उद्देश्य से एहतियात के रूप में निवासरत समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे सुविधानुसार गृह निवास जाना चाहें तो छात्रावास खाली कर अपने-अपने गृह निवास को प्रस्थान करें साथ ही वार्डन एवं अधीक्षक को इसकी लिखित सूचना प्रदान करें।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा एवं आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ छात्र हित में प्रसारित।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, मोती महल, ग्वालियर।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निजी एवं गोपनीय सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. समस्त वार्डन, छात्रावास, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

उपकुलसचिव (प्रशा.)